हजारों दीपकों से जगमग हुईं शहर की गलियां

श्रीराम, जय राम, जय-जय राम की धुन के साथ निकली प्रभातफेरी

महिलाओं ने गाए मंगल गीत

देव उठनी एकादशी के अवसर पर निकाली जाने वाली प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई, यह प्रभातफेरी जहां से भी निकली वहां उत्सवी माहौल नजर आया, तो वहीं गली मोहल्ले दीपों की रोशनी से जगमग होते नजर आए। एक ओर जहां पुरुष श्रद्धालु श्रीराम जय राम जय जय राम की गाते हुए चल रहे थे, तो वहीं महिलाएं मंगलगीत गाते हुए चल रहीं थी। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रभातफेरी का आयोजन पंडित कैलाशपति नायक द्वारा विगत 35 वर्षो से निरंतर किया जा रहा है।

नवभारत न्यूज अशोकनगर। देव प्रबोधनी एकादशी के अवसर पर शनिवार की अल सुबह अक्षरपीठ समिति के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में हाथों में दीपों की थाली लिये महिलाएं शामिल हुई। यह प्रभातफेरी श्री राज राजेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस पहुंची, जहां आरती के बाद इसका समापन किया गया।

दरअसल देव उठनी एकादशी के अवसर पर देवों को जगाने के लिए निकाली जाने वाली प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान जहां घर-घर दीप जलाकर व रंगोली बनाकर मंगल प्रभातफेरी का स्वागत किया गया। तो वहीं शहर में निकाली जाने वाली प्रभातफेरी का समाज सेवियों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तो वहीं देवोत्थन के लिए शहर के प्रत्येक घर में ब्रह्म महूर्त में दीप माला सजाई गई। तो वहीं प्रभातफेरी में शंख,झालर,विजय घंटा, मंगल वाद्य यंत्र,सरस्वती शिशु मंदिर का घोष दल कदमताल करते हुए चल रहा था।

पुलिस ने तस्करों से बरामद किया करोड़ों का रेड सैंड बोआ सांप

राजस्थान के जयपुर से लाए थे आरोपी

एरिक्स सांप की कीमत बाजार में करोड़ों की

नवभारत न्यूज
अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने तस्करों से दुर्लभ प्रजाति के रेड सैंड बोआ (एरिक्स) सांप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पुलिस ने जो सांप आरोपियों से बरामद किये है, उनकी बाजार में करोड़ों की कीमत है। जिसके चलते पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला पंजीवद्ध किया है।

पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक दुर्लभ प्रजाति के सांप को बेचने के उद्देश्य से जेबीएस कॉलोनी की तरफ जा रहे है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान द्वारा उप निरीक्षक मनीष गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा जेबीएस कॉलोनी पर आकस्मिक चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति वहां आते दिखाई दिए, जिनकी गतिविधियाँ देखकर पुलिस टीम ने उन्हें घेर लिया। संदिग्धों की तलाशी लेने पर उनके पास एक बैग में बंद जीवित रेड सैंड बोआ सांप बरामद किया गया एवं आरोपी के कब्जे से मोटरसाईकिल जप्त की गई। आरोपी बाबू आदिवासी पुत्र करन सिंह आदिवासी निवासी ग्राम टीटौर थाना बहादुरपुर एवं शिवा आदिवासी पुत्र कैलाश आदिवासी निवासी ग्राम टीटौर थाना बहादुरपुर के विरुद्ध थाना कोतवाली में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

जयपुर से लेकर आए थे यह दुर्लभ प्रजाति का सांप:

पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया गया कि रेड सैंड बोआ सांप को वह राजस्थान के जयपुर से अपने रिश्तेदार के यहां से लाए थे। वहीं पुलिस द्वारा बताया गया इस एरिक्स सांप की कीमत करोड़ो में है। जिसके चलते वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अनुसार रेड सैंड बोआ साँप को संरक्षित प्रजातियों की श्रेणी में रखा गया है तथा इसका शिकार, खरीद-फरोख्त अथवा कब्जा अपराध की श्रेणी में आता है।

कार्यवाहीं में इनकी रही सराहनीय भूमिका:

इस कार्यवाहीं में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक मनीष गुर्जर, आरक्षक गौरव रघुवंशी, दिनेश कुशवाह, अभय प्रताप, पवन वघेल, महेश बघेल, श्रीकांत शुक्ला एवं थाना देहात आरक्षक धर्मेन्द्र राजावत की सराहनीय भूमिका रही।

ऑनलाइन सट्टा के मुख्य सरगना आजाद तक पहुंची पुलिस

यूपीआई ट्रांजेक्शन की वजह से पकड़ में आया मुख्य सरगना, पुलिस कप्तान ने खोलीं सट्टे की परतें

नवभारत न्यूज
अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने ऑनलाईन सट्टा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में पुलिस ऑनलाइन सट्टा के नेटबर्क का भंडाफोड़ किया है, तो वहीं इस ऑनलाइन सट्टे का मुख्य सरगना तक पुलिस पहुंच गई। ऑनलाइन सट्टा को लेकर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर अधीक्षक कार्यालय राजीव मिश्रा द्वारा एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें उन्होंनें इस पूरे नेटबर्क का पर्दा उठाते एक-एक बात प्रेस वार्ता के दौरान बताई। पुलिस द्वारा बताये गए ऑनलाइन सट्टा के सरगना जिस आजाद खान को बताया जा रहा है, उसका भाई और भाई पार्षद है।

प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस कप्तान श्री मिश्रा ने बताया कि थाना प्रभारी कोतवाली अशोकनगर को 5 अक्टूंबर को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि आजाद मोहल्ला अशोकनगर निवासी शमशाद खान पुत्र महबूब खांन द्वारा ऑनलाईन सट्टा आईडी जनरेट कर शहर के युवाओं को ऑनलाईन सट्टा खेलने के लिए वितरण कर रहा है। मुखविर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी शमशाद खान को पकड़कर पूछताछ कर उसके मोबाईल की जांच की गई, तो शमशाद के मोबाईल में ऑनलाईन सट्टा की आईडी राजीव जैन उर्फ राजू एवं विकाश जैन द्वारा वितरित करने के लिए दी गई तथा उसके बैंक ट्रांजेक्शन की जांच करने पर इरफान उर्फ मासूम के खाते में ऑनलाईन सट्टा की राशि ट्रांसफर करना पाई गई। तत्पश्चायत प्रकरण में अन्य आरोपी राजीव उर्फ राजू पुत्र गेंदा लाल जैन को 7 अक्टूंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया और उसके मोबाईल एवं बैंक खातो की जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से भी सट्टे के रूपयों का परस्पर लेन देन पाया गया। दोनो आरोपी शमशाद एवं राजीव जैन द्वारा पूछताछ में दिए गए मेमोरेंडम एवं बैंक ट्रांजेक्शन व तकनीकि जांच के आधार पर प्रकरण में आरोपी इरफान उर्फ मासूम भैया पुत्र नूर मोहम्मद उम्र 25 साल निवासी आजाद मोहल्ला को 28 अक्टूंबर को गिरफ्तार किया गया।

यूपीआई ट्रांसजेक्शन से पकड़ाया मुख्य सरगना :

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी इरफान से शमशाद और राजीव के यूपीआई ट्रांजेक्शन के बारे में पूछताछ की गई तथा आरोपी के मोबाइल एवं बैंक ट्रांजेक्शन की तकनीकी जांच की गई तो, आरोपी इरफान उर्फ मासूम भैया का लेन देन आजाद खान पुत्र अलीम खान उर्फ पप्पू टेलर निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर द्वारा स्वयं तथा आरोपी इरफान से करना पाया गया है। जिससे प्रकरण में आजाद खान पुत्र अलीम खान उर्फ पप्पू टेलर निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर की संलिप्ता पाया जाने से आजाद खान को आरोपी बनाया गया है, तथा प्रकरण में आरोपी आजाद खान की आईडी एवं बैंक ट्रांजेक्शन की गहन जांच की जा रही है। वहीं प्रकरण में आए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आजाद खान पुत्र अलीम खांन उर्फ पप्पू टेलर निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर एवं अन्य आरोपीगण के विरूद्ध बैधानिक कार्यवाही की जा रहीं है।

मां, भाई पार्षद हैं काफी रसूखः

ऑनलाइन सट्टा में जिस आजाद खान का नाम सामने आ रहा है, उसका रसूख काफी है। एक ओर जहां आजाद खान का भाई और मां स्थानीय नगरपालिका में वार्ड के पार्षद है। तो वहीं आजाद खान का रसूख भी लोगों द्वारा खूब बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच गहनता से की जा रहीं है। इस कार्यवाहीं में कोतावली प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, सायबर काईम सेल के सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक नवल शर्मा, आरक्षक विशाल पारदी, अवनीश दौहरे की सराहनीय भूमिका रही है।

प्रमुख अभियंता ने किया नपा के कार्यों का निरीक्षण

अशोकनगर। नगर पालिका परिषद अशोकनगर का निरीक्षण प्रदीप मिश्रा, प्रमुख अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कई निर्देश दिए गए। थीम रोड प्रोजेक्ट अनुमानित लागत रु 30.55 करोड़ एवं विजन अशोकनगर अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर लागत रूपये 16.60 करोड़ विकसित करने के लिए केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जाए। अमृत योजना अंतर्गत वाटर बॉडी रेज्युनेशन कार्य का निरीक्षण किया गया, जिसकी भौतिक प्रगति 60 प्रतिशत है, वाउन्डर पर प्लांटेशन किए जाने तथा कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 अंतर्गत वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट में ड्राइंग/डिजाइन का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश उपयंत्री एवं ठेकेदार को दिए गए ।गीता भवन निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए एवं वित्त प्रबंधन हेतु पीपीपी मॉडल पर डीपीआर तैयार कर एक सप्ताह में प्रस्तुत की जावे ।

एक नजर में

श्याम दास महाराज का चातुर्मास पूर्ण

नवभारत अशोकनगर। अनंत विभूषित साकेत वासी 1008 श्री महंत कनक बिहारी दास महाराज के उत्तराधिकारी 1008 महंत श्री श्याम दास महाराज जिले के ग्राम सोनेरा में स्थित टेकरी सरकार श्री हनुमान जी के मंदिर पर देवशयनी एकादशी से मंदिर के समीप खुले आसमान के नीचे चतुर्मास की तपस्या के लिए बैठे थे, साथ ही श्री सीताराम नाम का अखंड कीर्तन भी चल रहा था, जिसका समापन शनिवार देवउठनी एकादशी पर हुआ, महंत श्री श्याम दास की चातुर्मास की तपस्या की पूर्ण आहुति कन्या भोज के साथ की गई। ग्राम सोनेरा, चक्क,बेरखेड़ी के समस्त ग्रामीणों के सहयोग से रविवार को गणेश पूजन ध्वजारोहण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वह भंडारे में पधार कर प्रसाद ग्रहण करें।

किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत अशोकनगर। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की समस्याओं और मक्का को एमएसपी रेट न मिलने को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, विधायक इंजी हरिबाबू राय ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, किंतु प्रदेश के किसानों को मात्र 1000 से 1200 तक ही बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान अत्यधिक परेशान हैं। जिले की अशोकनगर कृषि मंडी में किसानों के साथ खुली लूट हो रही है। व्यापारी मनमानी दरों पर खरीद कर रहे हैं, किसानों को तुलाई और परिवहन के नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूले जा रहे हैं, फिर भी उचित मूल्य नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में कांग्रेस द्वारा मांग की गई कि किसानों की मक्का की उपज का मूल्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी दर पर खरीदा जाए, मंडियों में हो रही अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, प्राकृतिक आपदा एवं वर्षा से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि दी जाए।

छात्रावास में धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस एवं मध्य प्रदेश स्थापना दिवस

नवभारत मुंगावली। जनजातिया कार्य विभाग के छात्रावास में छात्रावास स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई, तद्परांत छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य नाटक श्लोक कविताएं एवं गायन के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे बालिकाओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ,मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा जिले से जनजातिय कार्य विभाग से मनोज दुबे, कार्यक्रम के नॉडल अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा , शिक्षिका माधुरी सुमन,शिक्षक धर्मेंद्र साहू एवं सुधा पाठक रमाशंकर सिंह अधीक्षक, रामकुमार रघुवंशी अधीक्षक, मीरा निराला अधीक्षक कुंवारी पिंकी ओझा अधीक्षक ,अर्पित श्रीवास्तव सहित छात्रावास पलक समितियां के सदस्य एवं अभिभावक और छात्रावासों का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

भरियाखेड़ी में अवैध शराब का भण्डारण

पिपरई पुलिस ने मौके से जप्त की कच्ची शराब

5000 लीटर लहान किया गया नष्ट

नवभारत न्यूज
अशोकनगर। पिपरई पुलिस द्वारा ग्राम भरियाखेड़ी में दबिश देते हुए मौके से अवैध शराब जप्त की है। यह शराब आरोपी अपने घर के पीछे एकत्रित करके रखा हुआ था, जिसे पुलिस ने पकड़ा है। तो वही जप्त लाहान से नष्ट किया गया है।

दरअसली निरीक्षक प्रशांत यादव थाना प्रभारी पिपरई को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भरियाखेड़ी में सुखवीर सिंह सिख द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाने का कारोबार बड़ी मात्रा किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु निरीक्षक प्रशांत यादव द्वारा टीम गठित कर ग्राम भरियाखेड़ी में दबिश दी गई, तो सुखवीर सिंह यादव पुत्र बख्शी सिंह सिख अपने घर के पीछे बड़ी मात्रा में अवैद्य कच्ची शराब का भंण्डारण किये पाया गया। उसके कब्जे से कुल 80 लीटर अवैद्य कच्ची शराब कीमती 12000 रुपये जप्त की गई एवं उसके घर के पीछे से करीबन 5000 लीटर कच्ची शराब बनाने का लाहान टंकियों में भरा मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर नष्ट किया गया। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए मामला दर्ज किया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक प्रशांत यादव, सहायक उप निरीक्षक छगन सिंह, प्रधान आरक्षक यशपाल रघुवंशी, आरक्षक शत्रुघन शर्मा, गजेन्द्र यादव, रविन्द्र गुर्जर की मुख्य भूमिका रही है।

मध्यप्रदेश स्थापना पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद रहे अधिकारी

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

नवभारत न्यूज
अशोकनगर। मध्यप्रदेश के 70 वां स्थापना दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय के मानस भवन में 70 वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की बंदना कर किया गया। तो वहीं स्कूली छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश गान गाया। इसके बाद जहां अतिथियों द्वारा प्रदेश में हुए कार्यो को बताया गया, तो वहीं समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा न्यारो मध्य प्रदेश हमारो न्योरो मध्यप्रदेश गीत पर सामूहिक नृत्य् तथा संस्कृति किट्स विद्यालय के बच्चों द्वारा सुन्दर सुन्दर धरती हमारी प्यारो मध्य प्रदेश की सामूहिक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, लड्डूराम कोरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

न्यायालय, महेन्द्र सिंह, व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, चंदेरी, जिला अशोक नगर, म.प्र.
प्र.क्र.- एम.जे.सी.एस.यू.सी./03/2025
चंदेरी, दिनांक 16/10/2025
श्रीमती प्रेम बाई मोंगिया आदि
...अनावेदकगण
विरुद्ध
श्रीमान सेनानी महोदय, 18वीं वाहिनी विसबल शिवपुरी आदि
...अनावेदकगण

विज्ञप्ति

बनाम
01. सर्वसाधारण
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रमांक-01 प्रेम बाई विधवा बाबूलाल, आयु 65 साल, जाति मोंगिया, धंधा गृह कार्य, निवासी मोहल्ला हाट का पुरा चंदेरी, जिला अशोक नगर, मध्य प्रदेश व अन्य के द्वारा आपके विरुद्ध मृतक कमलेश, जो कि श्रीमान सेनानी महोदय, 18वीं वाहिनी विसबल शिवपुरी में आरक्षक 68 के रूप में सैनिक के पद पर पदस्थ था, की मृत्यु उसके सेवाकाल की अवधि में दिनांक 6/10/2024 को हृदयघात के कारण भोपाल में हुई है. मृतक कमलेश की माता तथा मृतक कमलेश का सगा भाई अजय मोंगिया पुत्र बाबूलाल मोंगिया, मृतक कमलेश के प्राकृतिक उत्तराधिकारी हैं तथा मृतक कमलेश की पत्नी अथवा कोई संतान नहीं है. मृतक कमलेश के उत्तराधिकारी आवेदकगण के अतिरिक्त अन्य कोई भी नहीं है. अतः आवेदकगण द्वारा मृतक कमलेश के एस.पी.पी. ग्रेच्युटी जी.आई.एस. की राशि अनावेदक क्रमांक-01 के कार्यालय श्रीमान सेनानी महोदय, 18वीं वाहिनी विसबल शिवपुरी में जमा है, जिसे प्राप्त करने हेतु आवेदकगण द्वारा दावा प्रस्तुत किया गया है तथा आवेदक क्रमांक 02 अजय मोंगिया को अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त करने हेतु श्रीमान सेनानी महोदय, 18वीं वाहिनी विसबल शिवपुरी के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 के अंतर्गत इस न्यायालय में दावा पेश किया गया. अतः आप उक्त नियत दिनांक 27/11/2025 को स्वयं अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में दिन के 11 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब दावा प्रस्तुत करें. आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी.
आज दिनांक 16/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया.
महेन्द्र सिंह
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
चंदेरी, जिला अशोक नगर, म.प्र.
सील

भ्रमण

गाड़ियां चलाने वाली ग्रुप की महिलाएं सदस्याएं

17 देशों की यात्रा करते हुए चंदेरी पहुंचे नीदरलैंड के पर्यटक

नवभारत न्यूज
चंदेरी। मध्य प्रदेश ग्रामीण पर्यटन योजना के तहत चंदेरी के ग्राम विक्रमपुर में बने होम स्टे में नीदरलैंड से 12 सदस्यों का पर्यटक समूह पहुंचा। पर्यटक समूह होलैंड (एम्बेस्टर्डम) से अपनी 7 गाड़ियों के साथ (नीदरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, रोमानिया , बुल्गारिया तुर्की, जॉर्जिया ,आज़रबेजान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिजयि, रूस, चीन, तिब्बत, 18, देशों की यात्रा करते हुए नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश किया। भारत में कई स्थानों पर यात्रा करते हुए खजुराहो से चंदेरी के दा स्टोन विलेज विक्रमपुर में पहुंचे। यहां पहुंचने पर ग्राम समिति एवं बकरी छाप टीम के द्वारा सभी अतिथियों का फूल

मालाओं, तिलक के साथ स्वागत किया गया। ग्रुप लीडर सुज़ैन ने बताया कि इन आधुनिक गाड़ियों में टेंट, जीपीएस के साथ रात रुकने के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित हैं , बड़ी बात तो ये है कि,इस साहसी यात्रा में टोयोटा कारों की चालक महिलायें हैं। सभी यात्रियों ने होम स्टे में रात्रि विश्राम किया और स्थानीय भोजन का आनंद लिया।

विक्रमपुर में पहली बार पहुंची विदेशी पर्यटक :

यह पहला मौका था जब ग्राम विक्रमपुर में विदेशी पर्यटक रहने के लिए पहुंचे। ज्ञात हो कि चंदेरी के तीन गांव विक्रमपुर, नानौन और प्राणपुर में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ग्रामीण पर्यटन योजना के तहत परियोजना संस्था बकरी छाप की सहायता से होम स्टे का निर्माण किया जा रहा है। चंदेरी में 6 , होम स्टे बनकर तैयार है जिसमें पर्यटक रहना पसंद कर रहे हैं और भारत के गांव पुरानी संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं । तो वहीं सभी पर्यटक ग्राम वासियों से मिलकर अत्यंत प्रसन्न हुए। ग्रुप के सदस्यों को एमपीटी के गाइड कल्ले भाई ने चंदेरी में आकर ऐतिहासिक इमारतों के भ्रमण के साथ बुनकरों की बस्तियों का भ्रमण कराया। ग्रुप ने बुनकरों से सौ वर्षों पुरानी बुनाई कला पर बात की और खरीदारी की। ग्रुप ने हेंडलूम पार्क को भी भ्रमण किया ।

बीएलए प्रशिक्षण संपन्न

मुंगावली। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि प्रारंभ हो रही है। इसमें मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में हुआ। इसका उद्देश्य यह है कि मतदाता सूची में कोई भी पात्र नागरिक न छूटे और कोई अपात्र व्यक्ति सम्मिलित न हो । प्रशिक्षण में एसडीएम मुंगावली इसरार खान तहसीलदार सोनम शर्मा मुंगावली, बहादुरपुर,पिपरई एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे एवं राजनीतिक दलों से भाजपा से मंडल महा मंत्री रामबाबू दुबे, कांग्रेस से नोवी शर्मा, शोभाराम राजपूत सहित अन्य दलों से प्राण सिंह अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार,जगदीश लाल यादव ,जयराम सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।